मेलबर्न में तिरंगा फहराएंगे करण जौहर



बॉलीवुड के जाने-माने फिल्ममेकर करण जौहर को मेलबर्न में 8 से 17 अगस्त तक होने वाले भारतीय फिल्म महोत्सव (आईआईएफएम, 2019) में तिरंगा फहराने का सौभाग्य मिलेगा। भारतीय झंडा फहराने के कार्यक्रम में हजारों भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलियाई लोग भी मौजूद रहेंगे। यह सम्मेलन 11 अगस्त को होगा। इस बारे में करण ने कहा, 'मैं विश्व के कई संस्कृतियों वाले शहर मेलबर्न में भारत की स्वतंत्रता दिवस के महोत्सव में शामिल होने से गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। अपने झंडे के गर्व एवं भारतीय आजादी का जश्न मनाना ऐसा लग रहा है, जैसे मैं कुछ खास काम करने के लिए आगे बढ़ रहा हूं। वास्तव में मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं मेलबर्न में तिरंगा फहराऊंगा।' गौरतलब है कि करण की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कुछ कुछ होता है' की स्क्रीनिंग भी फेस्टिवल में की जाएगी।